संक्षिप्त

चोरी का खुलासा

सूरौठ। पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सत्येन्द्र पाल सिंह के निर्देशन में एवं पुलिस उपाधीक्षक गिरधर सिंह चौहान के सुपरविजन में सूरौठ थाना अधिकारी महेश कुमार मय टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए दो माह पूर्व थाना क्षेत्र के गांव खानाका में हुई चोरी में दो मुल्जिमान के कब्जे से एक मोबाइल, 100 ठाम सोने व 300 ठाम चांदी के आभूषण बरामद किए। चोरी के प्रकरण का खुलासा करने में सबसे अहम भूमिका विजेंद्र कुमार कांस्टेबल की रही जो मूलतः झुंझुनू जिले के ही निवासी हैं। मुल्जिमों के डेरों पर भेष बदलकर एवं वहीं क्षेत्रीय भाषा का ज्ञान होने से मुल्जिमों को बातों में फंसा कर घटना का खुलासा किया है। कांस्टेबल विजेंद्र का कहना है कि किसी गरीब व्यक्ति के घर पर से चोरी गया हुआ सोने चांदी के आभूषण जब हमने बरामद किए तो पीड़ित का चेहरा खुशी से खिल उठा और उस खुशी को देखकर करीब 10 दिन से लगातार कार्य करने की थकान गायब हो गई।

5 लाख रुपये का चैक दिया

करौली । करौली महाराजा कृष्ण चन्द्रपाल सोल ट्रस्टी श्री कैलादेवी मंदिर ट्रस्ट द्वारा श्री यादव वाटी गौशाला करौली को पाँच लाख रूपये का चैक दिया है। यादव वाटी गौशाला करौली के मंत्री गोविंद सिंह सेंगर ने बताया कि गौशाला कि गायों के चारे पानी की व्यवस्था हेतु महाराजा कृष्ण चन्द्रपाल सोल ट्रस्टी श्री कैलादेवीजी मंदिर ट्रस्ट द्वारा श्री कैलादेवी मंदिर ट्रस्ट से 5 लाख रूपये का चैक अनुदान स्वरूप प्रदान किया है। श्री यादव वाटी गौशाला करौली की समस्त कार्यकारिणी ने सोल ट्रस्टी कृष्णचन्द्रपालएवं समस्त मंदिर ट्रस्ट प्रबन्धन का हार्दिक आभार व्यक्त किया इस अवसर पर गौशाला के अध्यक्ष शिवनाथ सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष मुन्ना सिंह, उपाध्यक्ष सीताराम शर्मा एडवोकेट,द्वारिका प्रसाद गुप्ता, मंत्री गोविन्द सिंह सेंगर, एवं सदस्य ऊधोसिंह एडवोकेट,लक्ष्मीनारायण शास्त्री,पुरुषोत्तम शर्मा,गिर्राज प्रसाद गुप्ता,प्रेम सिंह जादौन आदि उपस्थित रहे।

शिकार जमाकर्ताओं का प्रदर्शन

करौली (निंसं.) करौली में चिट फंड कंपनी से ठगी के शिकार जमाकर्ता परिवारों और जपतप संघ ने गुरुवार को जिला कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर को राष्ट्रपति और मुख्य न्यायाधीश के नाम ज्ञापन सौंपा। संगठन के प्रदेश संयोजक ब्रजमोहन योगी के निर्देशन में जिला अध्यक्ष छोटेलाल प्रजापत और जिला संयोजक भरतलाल सैनी ने आंदोलन का नेतृत्व करते हुए कहा कि अनियमित जमा योजनाएं कानून 2019 बड्स एक्ट के तहत पीड़ितों को भुगतान दिलवाने की मांग की जा रही है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि केंद्र और राज्य सरकार को लाखों ज्ञापन भेजे जा चुके हैं। फिर भी सरकारें इस विषय को नजरअंदाज कर रही हैं। संगठन के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि सरकार ने बड्स एक्ट 2019 के तहत नियुक्त अधिकारियों के अधिकारों की अनदेखी की है। ईडी, सीबीआई, सेबी, परिसमापक और एनसीएलटी जैसी एजेंसियों ने कंपनियों से राशि जब्त कर ली है। लेकिन निवेशकों को अब तक भुगतान नहीं किया गयाहै। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर जिला मुख्यालय पर बड़े स्तर पर विरोध किया जाएगा। प्रदर्शन में रमेश चंद्र, विनोद प्रजापत, रामजीलाल, गोपाललाल, प्रभुलाल, कमरसिंह और शिवचरण सहित कई पीड़ित परिवारों के सदस्य शामिल थे।

बालश्रम निषेध दिवस आयोजित

करौली (निंसं.) विश्व बालश्रम निषेध दिवस के अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने कार्यालय में बालश्रम की रोकथाम को लेकर पोस्टर विमोचन किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने जिलेवासियों को बालश्रम की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन का सहयोग करने की बात कहीं। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पोस्टर विमोचन के दौरान एक्शनएड की रिजनल मैनेजर सिओन किंगोरी, जिला युवा अधिकारी शरद त्रिपाठी, एक्शनएड यूनिसेफ जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरवा, चाइल्ड हेल्पलाइन प्रभारी भीकम सिंह, सहयोग सेवा संस्थान अध्यक्ष घनश्याम लोधा, सचिव हेमराज माली, स्वयंसेवक गरीमा कुमारी मौजूद रहें। इस दौरान जिला प्रशासन एवं एक्शनएड यूनिसेफ करौली की ओर से आज से 11 जुलाई तक बालश्रम मुक्त करौली अभियान के सफल संचालन के साथ सफल क्रियान्वयन हेतु आमजन को जागरूक करे।

संत कवि कबीर की जयंती मनाई

भरतपुर (निस)। श्री रामलीला समिति भरतपुर के तत्वावधान में दाल बाजार स्थित लक्ष्मण मंदिर व संतोषी मंदिर में भक्तिकाल के महान संत कवि कबीर की जयंती भागीरथ सिंह विभाग संघ संचालक की अध्यक्षता में मनाई गई।

अध्यक्ष भागीरथ सिंह द्वारा अपने उद्बोधन में संत कवि कबीर के समय व्याप्त सनातन धर्म की विषम परिस्थितियों को सुलझाने में विशेष योगदान को सराहा गया। उन्होंने कहा कि कबीर ने सभी समाजों में व्याप्त कुरीतियों एवं पाखंडों का खंडन कर समाज को प्रेम से रहने की सीख दी तथा वर्तमान के संतों से प्रार्थना की कि वे भी इसी तरह का वातावरण पैदा कर सनातन धर्म के संवर्धन की ओर ध्यान दें। इस अवसर पर गोरधन निवासी बृजेश गोस्वामी द्वारा सुमधुर आवाज में भजन की प्रस्तुति दी तथा उपस्थित विद्वान, साहित्यकार एवं कवि डॉ. सुरेश चंद शर्मा (सुमनेश), राकेश राजस्थानी, श्याम सिंह जघीना मधुर, सुरेश चंद शर्मा, चंचल तेनगुरिया, हरीओम हरि, पूरन शर्मा, डॉ. रामदास, सी.एस. कृष्णा, हरिओम दिवाकर, महेश सिंघल, ओमप्रकाश गुप्ता आदि ने अपनी रचनाओं एवं कवीर के दोहे व साखियों के माध्यम से संत कवीर के द्वारा सभ्य समाज हेतु प्रदत्त मार्गदर्शन पर सार्थक विचार व्यक्त किये।

संकल्प से सिद्धी तक कार्यक्रम में भाजपा ने किसान संवाद किया

भरतपुर (निस)। मोदी सरकार के सफलतम गौरवमयी 11 साल पूर्ण होने पर केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के लिए भारतीय जनता पार्टी द्वारा 'संकल्प से सिद्धी' तक कार्यक्रम के अंतर्गत आदर्ष ठाम पंचायत रारह में एक किसान संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष षिवानी दायमा ने की। कार्यक्रम के विषिष्ट अतिथि पूर्व प्रदेष मंत्री एवं 'वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान' के जिला समन्वयक भानूप्रताप राजावत रहे। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला उपाध्यक्ष मोहन रारह ने किया। किसान संवाद कार्यक्रम में किसानों से संवाद करते हुए केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने मोदी सरकार की किसान कल्याणकारी नीतियों के बारे में जानकारी दी। जिला अध्यक्ष षिवानी दायमा ने अपने उद्बोद्धन में कहा कि मोदी सरकार ने किसान सम्मान निधि की वृद्धि कर किसानों को जो तोहफा दिया है उससे सभी किसान भाईयों में हर्शोल्लास का माहौल है। तत्पष्चात् रारह पंचायत सभागार में स्थित लाईर्बेरी में प्रबुद्ध जनों के साथ विचार-विमर्ष किया। इस

कार्यक्रम में प्रबुद्ध जनों के साथ मोदी सरकार की 11 साल की उपलब्धियों पर चर्चा की। राज्य सरकार के 'प्रकृति संरक्षण अभियान' के अंतर्गत 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' के तहत रानीकुण्ड रारह पर साफ-सफाई की तथा जल पूजन कर समस्त किसान भाईयों को जल संरक्षण करने का आवहान् किया और बताया कि जल देवता है, जल ही जीवन है, जल है तो कल है। जल का सुनियोजित तरीके से संठाहण, संरक्षण एवं संवद्धर्न किया जाना चाहिए। 'वंदे-गंगा जल संरक्षण अभियान' के जिला समन्वयक भानूप्रताप राजावत ने अपने वक्तव्य में कहा कि सभी सम्मानीय किसानों को अधिक से अधिक जल संचय करना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ी को किसी भी प्राकृतिक समस्या का सामना नहीं करना पड़े। ठाम पंचायत रारह के मिनी सचिवालय में 'एक पेड़ मां के नाम अभियान' के तहत केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने एक पौधा लगाकर इस अभियान को गति प्रदान की तथा सभी किसान भाईयों से अधिक से अधिक पेड़ लगाकर प्रकृति का संरक्षण करने का आवहान किया। कार्यक्रम में इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष वीरेन्द्र बुढ़वार, जिला महामंत्री ब्रजेष अठावाल, जिला प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी डॉ0 वीरेन्द्र पचौरी, जिला सोषल मीडिया संयोजक आषीश खण्डेलवाल, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष गौरव लुधावई, जघीना मण्डल अध्यक्ष जीतेन्द्र फौजदार, प्रदेष कार्य समिति सदस्य युवा मोर्चा जगत गुर्जर, भारतीय सरसों अनुसंधान संस्थान सेवा के निदेषक डॉ0 वी.बी. सिंह, अतिरिक्त कृषि निदेषक देषराज सिंह, संयुक्त निदेषक योगेष शर्मा, डॉ. नवाब सिंह, महिपाल सिंह, सुरेष गुप्ता, जनकराज मीणा, डॉ. अषोक शर्मा, विनय मित्र, अनुराग तमरौली, राहुल चौधरी, राम कुमार चरौरी, आकाष हथैनी, मनोज किरार आदि प्रमुख लोग उपस्थित थे। अहमदाबाद विमान दुर्घटना की दुखद घटना के बाद भारतीय जनता पार्टी ने आज के सभी आगामी कार्यक्रम निरस्त कर दिए हैं तथा गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

कृषक संवाद कार्यक्रम आयोजित

भरतपुर (निस)। विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतिम दिन गुरूवार को वैर तहसील के गाँव चक धरसोनी, सुहांस व बझेराकलां में कृषक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अभियान के नोडल अधिकारी व कृषि विज्ञान केन्द्र कुम्हेर के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. नवाब सिंह ने उपस्थित किसानों को मृदा जांच रिपोर्ट के अनुसार खाद एवं उर्वरक प्रयोग करने की सलाह दी। उन्होंने खरीफ फसलों की बुवाई सीड ड्रिल से कूडो में करने तथा बुवाई के समय खाद एवं उर्वरक देने तथा खाली खेतों में हरी खाद हेतु ढैंचा बोने की सलाह भी दी। कृषि महाविद्यालय भुसावर के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने कद्दूवर्गीय बगीचे फसलों की बेमौसम खेती, पॉली हाउस, लोटनल बूंद-बूंद सिंचाई पद्धिति व प्रिसीजन फार्मिंग की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसान फल व सब्जियों की वैज्ञानिक खेती अपना कर अपनी आमदनी बढा सकते हैं। डॉ. अरूण कुमार प्रधान वैज्ञानिक भारतीय सरसों अनुसंधान संस्थान, भरतपुर ने सरसों की उत्पादन तकनीक, तेल की मात्रा बढाने, उन्नत किस्में तथा उसके कीट एवं रोग नियत्रंण विषय पर व्याख्यान दिया।

23वें दिन भी आंदोलन जारी रहा

भरतपुर (निस)। दी बार एसोसिएशन समिति भरतपुर के तत्वाधान में तीन न्यायियक अधिकारियों के स्थानांतरण की मांग को लेकर 23वें दिन भी आंदोलन जारी रहा । धरना स्थल पर पूर्व घोषणा के अनुसार सांकेतिक भूख हड़ताल की गई। धरना स्थल पर एडवोकेट रुपेंद्रसिंह, भूपेंद्र सिंह मदेरणा, हरकेश सिंह, गांधीदेव, अशोक सहना, ज्ञानसिंह तथा के. के. दुवे के द्वारा भूख हड़ताल पर बैठकर आंदोलन के क्रांतिकारी रूप का जय उद्घोष किया गया। इनके अलावा धरना स्थल पर एडवोकेट शशि बंसल, प्रभारानी, श्वेता यादव, हेमराज शर्मा ष्अंगिराष् किशन सिंह, उत्तम पोहिया, भूपेंद्र सिंह नीरपाल, सुरेश गुप्ता, रामेश्वर शर्मा, यदुवीरसिंह डागुर तथा बल्देव जोनवाल आदि अधिवक्ताओं ने धरना देकर संघर्ष के प्रति एकजुटता पेश की।

संघर्ष समिति के अध्यक्ष गांधीदेव द्वारा बताया गया कि संघर्ष समिति उपरोक्त न्यायियक अधिकारियों की कार्य प्रणाली का पुरजोर विरोध करती है

बाल श्रम निषेध दिवस पर कार्यशाला का आयोजन

भरतपुर (निस)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मासिक एक्शन प्लान के अनुसार गुरूवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आशा यूनिट-बाल विवाह मुक्त गांव अभियान एवं बालश्रम निषेध विषय पर क्षमतावर्धन हेतु एक दिवसीय जिला कार्यक्रम एडीआर भवन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय परिसर भरतपुर में प्रयत्न संस्था एवं दिशा फाउण्डेशन के सहयोग से कराया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत जिला एवं सेशन न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भरतपुर, केशव कौशिक के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके की गई। उन्होंने बताया कि बाल विवाह एक कानूनी अपराध है तथा बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भरतपुर, अनुतोष गुप्ता द्वारा आशा-जागरूकता समर्थन, सहायता और कार्यवाही योजना 2025 के अंतर्गत बाल विवाह निषेध अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन, बाल विवाह के हितधाराकों को संवेदनशील, बाल विवाह के रोकने के लिए एक संस्था का ढांचा बनाने तथा बाल विवाह पीड़ितों के पुनर्वास के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी मानक संचालन प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

सहायक निदेशक बाल संरक्षण ईकाई अमित अवस्थी द्वारा केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई। सेमिनार में श्रम विभाग की लेवर इंस्पेक्टर स्वाति सिंह द्वारा बाल श्रम में लिप्त बालकों के लिए कानूनी प्रावधानों तथा उनके पुनर्वास हेतु योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई। निदेशक दिशा फाउण्डेशन दिनेश कुमार सिंह द्वारा बाल श्रम एवं बाल विवाह की रोकथाम के लिए चलाई जा रही मुहिम में सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने पर जोर दिया। प्रयत्न संस्थान की प्रोठाम मैनेजर एवं जस्ट राईट्स फॉर चिल्ड्रन मुहिम की प्रभारी शालो हैम्बेम द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जिले में संचालित विभिन्न गतिविधियों एवं उपलब्धियों के बारे में पीपीटी के माध्यम से जानकारी प्रदान की गई।

सेमीनार में आज महिला एवं बाल विकास अधिकारिता विभाग, बाल संरक्षण ईकाई, मानव तस्करी विरोधी यूनिट, पुलिस बाल कल्याण अधिकारी, आशा ईकाई के पैनल अधिवक्ता एवं पैरा लीगल वॉलिटियर्स द्वारा भाग लिया गया और सेमिनार में प्रयत्न संस्थान की ब्लॉक कोर्डिनेटर टीना चौधरी, लीगल ऑफिसर नीतू शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता, दिशा फाउण्डेशन मधू शर्मा उपस्थित रहे।

कंस्लटेशन कार्यशाला आयोजित

करौली । विश्व बालश्रम निषेध दिवस पर पंचायत समिति सभागार करौली में जिला स्तरीय विशिष्ट कार्य योजना पर हितधारकों के साथ जिला कंस्टेशन कार्यशाला का आयोजन जिला प्रशासन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बाल अधिकारिता विभाग एवं एक्शनएड यूनिसेफ करौली के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। विश्व बालश्रम निषेध दिवस की थीम प्रगति स्पष्ट है लेकिन अभी और काम करना बाकी है आइये गति बढ़ाएं। पर चर्चा कर बालश्रम मुक्त करौली अभियान की रणनीति तैयार की गई। जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरव ने कार्यक्रम की शुरुआत करतें हुए जिले में बालश्रम की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए जिला स्तरीय कार्य योजना पर विस्तृत चर्चा की साथ ही आज से 11 जुलाई तक बालश्रम मुक्त करौली अभियान के संबंध में चर्चा कर अभियान की रणनीति पर चर्चा की गई। कार्यशाला में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट के प्राचार्य पुष्पेंद्र शर्मा ने बालश्रम रोकने के संबंध में विभाग द्वारा किए जा रहे है।

जल संरक्षण जन अभियान को सफल बनाने में निभाएं सहभागिता : कलक्टर

- **जिला कलेक्टर ने विद्युत विभाग के अधिकारी को निर्देषित किया कि भीषण गर्मी को देखते हुये विद्युत आपूर्ति बाधित न हो, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग अधिकारी को पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ने आगामी बरसात के मौसम को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्र में जर्जर सड़कों को शीघ्र मरम्मत कराए**

भरतपुर (निस)। त्रिस्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत माह के द्वितीय गुरूवार को जिला कलक्टर डॉ अमित यादव की अध्यक्षता में नदबई पंचायत समिति कार्यालय में उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई का आयोजित की गई। जिला कलक्टर ने आमजन की समस्याएं सुनकर मौके पर ही प्रकरणों का निस्तारण कर राहत प्रदान की। अन्य प्रकरणों के सम्बन्ध में संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रकरणों का तुरंत समाधान कर राहत देने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने ठामीणों को राज्य सरकार के वंदे गंगा जल सरंक्षण जन अभियान को सफल बनाने में अपनी सहभागिता निभाने की बात कही।

जिला कलेक्टर ने विद्युत विभाग के अधिकारी को निर्देषित किया कि भीषण गर्मी को देखते हुये विद्युत आपूर्ति बाधित न हो, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग अधिकारी को पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ने आगामी बरसात के मौसम को देखते हुए ठामीण क्षेत्र में जर्जर सड़कों को शीघ्र मरम्मत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने राज्य सरकार के रास्ता खोलो अभियान के तहत गांवों में हो रहे रास्तों पर अवैध अतिक्रमणों को चिह्नित कर हटाने निर्देश दिए। जन सुनवाई के दौरान जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि आमजन की जायज समस्या का त्वरित समाधान करें। समस्याओं के निस्तारण में किसी तरह की ढिलाई नहीं बरती जाए। जनसुनवाई दौरान उन्होंने ठाम विकास अधिकारियों को ठाम पंचायतवार सर्वे कर स्वामित्व योजना एवं सामाजिक पेंशन वार्षिक सत्यापन करने एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं में पात्रजनों को लाभान्वित करने के दिशा-निर्देश दिए। इससे पहले जिला कलक्टर ने नदबई आरओबी व कुंड-पोखर निर्माण कार्य का आकस्मिक निरीक्षण करते हुए विभागीय अधिकारियों विकास कार्यों को समय पर गुणवत्तापूर्ण पूरा कराने के निर्देष दिये। इस दौरान उपखण्ड अधिकारी गंगाधर मीणा, तहसीलदार जगवीर सिंह बेनीवाल, विकास अधिकारी सौदान सिंह, अधिशाषी अधिकारी पवन गुप्ता सहित अन्य ब्लॉकस्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

कलक्टर ने सुनी आमजन की परिवेदनाएं

करौली (निंसं.) राज्य सरकार के निर्देशानुसार नवीन त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था की अनुपालना में आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई एवं उनके त्वरित निस्तारण के लिए ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई। मण्डरायल के उपखंड कार्यालय पर जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना के निर्देशन में ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई।

जनसुनवाई में जिला कलक्टर ने संवेदनशीलता के साथ परिवादियों की समस्याएं सुनी और उनके शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। साथ ही विभिन्न प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही करते हुए परिवादियों को राहत भी दिलाई। जिला कलेक्टर ने जनसुनवाई के दौरान कहा कि राजस्थान संपर्क पोर्टल पर 90 से 180 दिन के प्रकरण, मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त प्रकरण, संभाग कार्यालय, मानवाधिकार आयोग से प्राप्त प्रकरणों का अधिकारी 07 दिन मे निस्तारण करना सुनिष्चित करें जिससे कि राज्य सरकार की मंषा के अनुसार आमजन को राहत मिले। उन्होंने लंबित चल रहे दर्ज प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण करते हुए समय पर रिपोर्ट भिजवाना सुनिष्चित करें जिससे परिवादी की समस्या का समाधान हो सके। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारी एवं उपखंड अधिकारियों को हिदायत दी कि वे आमजन से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में अविलम्ब और प्राथमिकता के साथ कार्यवाही करें तथा उनके निस्तारण के संबंध में की गयी कार्यवाही की सूचना को शीघ्रता से भिजवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।जिला कलक्टर ने प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे आमजन की परिवेदनाओं को संवेदनशीलता के साथ नियमित रूप से सुने और मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए उनका त्वरित निस्तारण कर परिवादियों को राहत दिलाएँ। अधिकारीगण यह भी सुनिश्चित करें कि इस जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों की आगामी जनसुनवाई में पुनरावृति न हो। जनसुनवाई के दौरान कुल 22 परिवाद प्राप्त हुए जिनमें अतिक्रमण हटवाने, बिजली की समस्या का निपटारा करने, पेयजल व्यवस्था करवाने।

ग्राम पंचायत काशीपुरा में रात्रि चैपाल आज

करौली (निंसं.) जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने बताया कि आज शुक्रवार को सांय 6:30 बजे से करौली पंचायत समिति की ठाम पंचायत काशीपुरा में रात्रि चैपाल का आयोजन कर जन परिवेदनाएं सुनकर उनका त्वरित निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक तैयारियों के साथ उपस्थित होने के निर्देश जारी किये है।

कार्यशाला का आयोजन आज

करौली (निंसं.) जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक गणे'ा शर्मा ने बताया कि वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अन्तर्गत जिला स्तरीय सीएसआर कार्य'ाला का आयोजन आज शुक्रवार को प्रातः 11:00 बजें से जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना की अध्यक्षता में किया जायेगा।

ढाई दर्जन प्रतिभाएं सम्मानित

- **कार्यक्रम संयोजक प्रमोद बंसल व बृजेश जिंदल ने जानकारी दी**

भुसावर भरतपुर (निस)। भारत विकास परिषद की स्थानीय शाखा की ओर से देर सांय कस्बे के दीवली रोड स्थित कलावती वाटिका में इस सत्र के प्रतिभावान विद्यार्थीओ का सम्मान समारोह व परिवार मिलन समारोह आयोजित कर ढाई दर्जन प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम संयोजक प्रमोद बंसल व बृजेश जिंदल ने जानकारी देते हुए बताया कि शाखा की ओर से इस सत्र के प्रतिभावान विद्यार्थीओं का सम्मान समारोह एवं परिवार मिलन समारोह का आयोजन प्रांतीय प्रकल्प प्रभारी अंशु मित्तल व शाखा संरक्षक देवकीनंदन सोनी के मार्गदर्शन एवं शाखा अध्यक्ष मनीष मित्तल की अध्यक्षता में किया गया। समारोह का शुभारम्भ मातृशक्ति वीना गोयल, अनिता सिंघल, राजकुमारी, रेनू बंसल, स्मिता व राखी द्वारा भारत माता व स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर दीप प्रज्जवन व माल्यार्पण एवं वंदेमातरम गान के साथ किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि भारत विकास परिषद की शाखायें पूरे देश में सम्पर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा व समर्पण का भाव लेकर स्वस्थ समर्थ संस्कारित भारत बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही हैं। समारोह में शाखा की ओर से सदस्य हेमन्त पाण्डेय के नेतृत्व में कस्बे के माध्यमिक व उच्च माध्यमिक परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी केशव सैनी, दीपक पाण्डेय, नितिन, जय, भूदेव, छायांक, गगन, हिमांशु, रोशनी, ओमप्रकाश, जतिन, किंजल, प्रांजल, ललतेश, लक्षिता, दिव्यांश, निशांत, तृष्णा, ईशु, नेहा, इशिका, रिषभ देव, मौसम कुमारी, महक, अंजली, आशिका, वेदिका को दुपटटा पहनाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा भामाशाह विजय नैवारिया की ओर से शील्ड व मैडल प्रदान किए गए।

इस अवसर पर वेदप्रकाश शर्मा, पवन अठावाल, नित्यानंद शर्मा व नवीन मित्तल को शाखा की सदस्यता ठाहण करने पर वरिष्ठ सदस्य सुभाष सिंघल ने शपथ दिलाई।

कार्यक्रम में शाखा की ओर से कस्बे में स्नेक केचर के रूप में सेवा का कार्य कर रहे अखलेश शर्मा को भी प्रशस्ति पत्र देकर व शॉल पहनाकर सम्मानित किया गया। पूर्व अध्यक्ष शेरसिंह सैनी व चंद्रप्रकाश आर्य ने सभी का आभार व्यक्त किया। समापन राष्ट्र गान के साथ किया गया। इस मौके पर राजेश गोयल, ताराचंद, हेमन्त पाण्डेय, दिलीप सिंघल, भगवानसिंह, कृष्ण कुमार, शेरसिंह, सूरज जिंदल, चन्द्रप्रकाश, विजय अठावाल, मनीष मलिक, अमित सिंघल, श्याम सुंदर शर्मा, शैलेश मित्तल, विद्या गर्ग, लवकेश सैनी, राजेंद्र गर्ग, किशोरी खत्री, अजय सैनी, सीमा मनोचा, राहुल सिंघल, प्रदीप मित्तल, रोहित सिंघल, अरविन्द बंसल, कृष्ण मित्तल, निक्कू सोनी, विद्यार्थीओ के अभिभावक, आदि मौजूद रहे।

अभियान ले रहा है जन आंदोलन का स्वरूप

करौला (निंसं.) जिला कलेक्टर ने बताया कि गुरूवार को जिले में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान पखवाडे के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। उन्होने बताया कि कार्यक्रम मे कृषि एवं उद्यान विभाग द्वारा स्प्रिंकलर, ड्रिप, फार्म पौण्ड, पाईप लाईन की स्वीकृती जारी करना,डीबीटी के माध्यम से रा'ि जारी करना, प्राकृतिक, जैविक, प्रीसीजन खेती, सूक्ष्म सिंचाई पद्धित पर कार्य'ाला एवं प्रर्दानी ,स्वीकृत कार्यो का अवलोकन एवं नये कार्यो की स्वीकृतियां, हरियालो राजस्थान अंतर्गत पौधारोपण कार्यो की अठिाम तैयारी, कम्पोस्टिंग तकनीक का प्रचार-प्रसार करना, लघु सिंचाई संयत्रो की प्रर्दानी, प्रगतिषील कृषकों से चर्चा, किसान चैपाल, कृषि विज्ञान केन्द्रों पर संगोष्ठी एवं कृषि 'ाि क्षा कार्य'ाला, डिग्गियों की साफ-सफाई आदि कार्य किये गये। इसके साथ ही स्वायत्त शासन विभाग द्वारा जल स्त्रोतो की साफ-सफाई एवं मरम्मत, जल स्त्रोतो आदी।

सार-समाचार

कार्यालयों का निरीक्षण

करौली (निंसं.) जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने गुरूवार को मण्डरायल के पंचायत समिति कार्यालय, तहसील कार्यालय व उपजिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जमीनी स्तर पर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने इस दौरान ओपीडी के समय मरीजों को उपलब्ध करवाए जा रहे इलाज, दवाइयां की उपलब्धता, जांच उपकरण की क्रियाशीलता आदि की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया। इसके अलावा वार्ड में भर्ती मरीजों से भी बात की एवं उपलब्ध करवाए जा रहे हैं इलाज की जानकारी ली। उन्होंने निःशुल्क दवा एवं जांच योजना के तहत मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।उन्होंने निर्देशित किया कि इलाज में किसी भी तरह की लापरवाही और मरीजों को दवा अथवा जांच में परेशानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने गर्मी के मौसम को देखते हुए जिला चिकित्सालय में पेयजल, नियमित रूप से साफ सफाई करवाने एवं चिकित्सा अधिकारियों को सतर्क एवं सक्रिय रहकर कार्य करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने पंचायत समिति कार्यालय मण्डरायल का निरीक्षण कर वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत संचालित की जा रही गतिविधियों की समीक्षा की एवं अभियान को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। साथ ही गतिविधियों की फोटो एवं वीडियो संबंधित पोर्टल पर नियमित रूप से अपलोड करवाने के निर्देश दिये। इसके अलावा साफ-सफाई रखने एवं सभी ठाम पंचायतों में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने के निर्देश दिये। तत्पश्चात जिला कलेक्टर ने मण्डरायल में तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया और पौधारोपण कर एवं वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत जल संठाहण, संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण सहित स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने राजस्व रिकार्ड संधारित करवाने, तहसील परिसर में सफाई करवाने, बरसात के मौसम के दौरान वर्षा के पानी का संरक्षण करने, तहसील परिसर सहित अन्य विभागों की छतों की सफाई करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

चोरी का खुलासा

सूरौठ। पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सत्येन्द्र पाल सिंह के निर्देशन में एवं पुलिस उपाधीक्षक गिरधर सिंह चौहान के सुपरविजन में सूरौठ थाना अधिकारी महेश कुमार मय टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए दो माह पूर्व थाना क्षेत्र के गांव खानाका में हुई चोरी में दो मुल्जिमान के कब्जे से एक मोबाइल, 100 ठाम सोने व 300 ठाम चांदी के आभूषण बरामद किए। चोरी के प्रकरण का खुलासा करने में सबसे अहम भूमिका विजेंद्र कुमार कांस्टेबल की रही जो मूलतः झुंझुनू जिले के ही निवासी हैं। मुल्जिमों के डेरों पर भेष बदलकर एवं वहीं क्षेत्रीय भाषा का ज्ञान होने से मुल्जिमों को बातों में फंसा कर घटना का खुलासा किया है। कांस्टेबल विजेंद्र का कहना है कि किसी गरीब व्यक्ति के घर पर से चोरी गया हुआ सोने चांदी के आभूषण जब हमने बरामद किए तो पीड़ित का चेहरा खुशी से खिल उठा और उस खुशी को देखकर करीब 10 दिन से लगातार कार्य करने की थकान गायब हो गई।

प्रत्येक कार्यक्रम की समय से हो क्रियान्विति ः सीएमएचओ'

करौला (निंसं.) कार्यक्रमों की समय पर क्रियान्वयन को लेकर करौली ब्लॉक के प्रशिक्षण एवं समीक्षात्मक बैठक का आयोजन एएनए